


# सिंहस्थ में दिखेगी उज्जैन की शान, बजट में 13,851 करोड़ का प्रावधान

- बदलेगी महाकाल नगरी की तस्वीर
- क्षिप्रा के पावन जल से होगा स्नान, डेम और डक्ट योजना को मिली रफ्तार
- महाकाल क्षेत्र में रोप-वे और एलिवेटेड कॉरिडोर से आसान होंगे दर्शन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकाल की नगरी उज्जैन में महाकुंभ की तैयारी बड़े पैमाने पर चल रही है उसमें ऐतिहासिक तौर पर बजट का प्रावधान करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक और बड़ी सौगात दे दी है. 13851 करोड़ का बजट उज्जैन विकास के लिए देने की घोषणा की है जिससे शहर की तस्वीर बदल जाएगी.**

मध्य प्रदेश सरकार ने 18 फरवरी 2026 को प्रस्तुत बजट 2026-27 में उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को लेकर ऐतिहासिक घोषणा की है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सिंहस्थ 2028 के लिए कुल 13,851 करोड़ रुपए का विशाल प्रावधान प्रस्तावित किया है. इनमें से चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विशेष रूप से 3,060 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है.

**21000 करोड़ के काम :** गौरतलब है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी सिंहस्थ की प्रारंभिक तैयारियों के लिए 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था. सरकार का लक्ष्य है कि सिंहस्थ 2028 के आयोजन तक उज्जैन में 21,000 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य पूर्ण कर लिए जाएं.

**महाकाल क्षेत्र और शहर के लिए विशेष विकास पैकेज:** महाकाल मंदिर क्षेत्र में रोप-वे और एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को प्राथमिकता दी गई है. इससे प्रतिदिन दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ सिंहस्थ के दौरान आने वाले करोड़ों भक्तों को सुविधा मिलेगी.

**बड़ी सौगातें:** शहर में दर्जनों नए ब्रिज आकार ले रहे हैं. सांस्कृतिक भवन, आईटी पार्क, मेडिकल कॉलेज, हेलीपैड, एयरपोर्ट विस्तार और मेट्रो ट्रेन जैसी परियोजनाएं भी विकास की धारा को गति दे रही हैं. कई परियोजनाओं का लोकार्पण हो चुका है, जबकि अनेक का भूमिपूजन स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है.

**साधु-संतों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था:** सिंहस्थ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और संत परंपरा का विराट संगम है. साधु-संतों के लिए विशेष व्यवस्थाएं, अखाड़ों के लिए आधारभूत सुविधाएं, घाटों का निर्माण और विस्तार, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा इंतजामों पर विशेष फोकस किया गया है.

**बदलेगी उज्जैन की दशा और दिशा:** 13,851 करोड़ के इस ऐतिहासिक बजट प्रावधान से महाकाल की नगरी की दशा और दिशा बदलने की उम्मीद है. सिंहस्थ 2028 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उज्जैन के समग्र विकास का माध्यम बन रहा है. आने वाले वर्षों में इन विकास कार्यों का लाभ शहरवासियों, श्रद्धालुओं और व्यापार जगत सभी को मिलेगा ।सरकार का संकल्प है कि इस बार सिंहस्थ का आयोजन अब तक का सबसे भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक होगा.



### इंदौर-उज्जैन 6-लेन ग्रीनफील्ड हाईवे को मंजूरी

सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए इंदौर और उज्जैन के बीच 6-लेन ग्रीनफील्ड हाईवे को मंजूरी दी गई है . यह हाईवे यातायात के दबाव को कम करेगा और महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन उपलब्ध कराएगा . इसके साथ ही नए बायपास, सड़कों के चौड़ीकरण और आंतरिक मार्गों को 2-लेन से 4 और 6-लेन में परिवर्तित करने के कार्य भी तेज गति से किए जा रहे हैं .

### शिप्रा के पावन जल से स्नान की तैयारी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सार्वजनिक मंचों से घोषणा की है कि सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं को शुद्ध शिप्रा नदी के जल से ही स्नान कराया जाएगा . इसके लिए सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी डेम निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि वर्षा जल का संग्रहण कर सिंहस्थ के दौरान छोड़ा जा सके . साथ ही, खान नदी के प्रदूषित जल को शिप्रा में मिलने से रोकने के लिए कान्हा क्लोज डक्ट योजना पर भी काम किया जा रहा है, जिससे कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ और पवित्र जल उपलब्ध हो सके .

## एक नजर में

### महिदपुर की सोफिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**महिदपुर ।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में वाणिज्यिक स्नातक कोर्स करने वाली महिदपुर की बालिका सोफिया खान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महिदपुर का गौरव बढ़ाया है। महिदपुर नगर के तिलक पथ मार्ग पर निवासरत उस्मान भाई गनी ट्रेलर्स जो अपने परिवार की आजीविका कपड़े की सिलाई कर करते हैं। उनकी होनहार बालिका सोफिया खान इंदौर में कन्या वाणिज्य महाविद्यालय क्लास मार्केट इंदौर में वाणिज्य स्नातक में पढ़ाई कर रही थी। अंतिम फाइनल क्लास में पढ़ाई के उपरांत महारानी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर यूनिवर्सिटी से प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्रों ने सोफिया खान को बधाई प्रेषित की तथा उनके माता-पिता एवं नगर के इनके रिश्ते दार, परिचित जनो ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए होनहार छात्रा सोफिया खान के उज्जवल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की।



### लक्ष्मीचंद सराफ का नेत्रदान संपन्न

**महिदपुर ।** गीता भवन न्यास समिति का 935 वां नेत्रदान स्व. लक्ष्मीचंद सुपुत्र मनोहरलाल सराफ, 75 वर्ष, 65/2 सरदार वल्लभभाई पथ का स्वर्गवास हो जाने पर सुपुत्र आकाश सराफ ने नेत्रदान प्रदान करने की सहमति की सूचना शैलेष चौपड़ा को दी। जिन्होंने नेत्रदान-देहदान-अंगदान प्रेरक जवाहर डोसी पीयूष को सूचना दी। जिस पर क्रियान्वयन स्वरूप 17 फरवरी को रात्रि 1 बजे गीता भवन न्यास समिति के डॉ .जीएल ददरवाल ने उमाशंकर मेहता और परमानंद पंवार बड़नगर के साथ मिलकर नेत्र उत्सर्जन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया। गीता भवन न्याय समिति के अध्यक्ष हरिकिशन मेलवानी ने सराफ परिवार के इस लोकहितकारी, परोपकारी कार्य की स्वीकृति के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की।



### रुद्राक्ष महोत्सव में पं . मिश्रा ने किया ठाकुर को सम्मानित



**महिदपुर ।** कुबेरेश्वर धाम में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव 2026 के पावन अवसर पर क्षेत्र के युवा उद्यमी सुभाष ठाकुर को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में आध्यात्मिक जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों पं . प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) एवं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की गरिमामयी उपस्थिति रही। सुभाष ठाकुर को पं . मिश्रा के करकमलों से सम्मान प्राप्त हुआ तथा उनका आशीर्वाद मिला। इस अवसर पर संतों ने समाजसेवा, राष्ट्रहित और युवा शक्ति की भूमिका पर प्रेरणादायी मार्गदर्शन भी प्रदान किया। सुभाष ठाकुर ने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि वे समाजहित में अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे। जिन्होंने इस आयोजन को भव्य और सफल बनाया।

### छात्राओं ने ग्राम सुरासा में चलाया जागरूकता कार्यक्रम




**उज्जैन ।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत छात्राओं द्वारा ग्राम सुरासा में विविध जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी एवं छात्राएं ग्राम सुरासा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचीं। जहां गर्भवती महिलाओं एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण की प्रक्रिया संचालित होती है। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं को टीकाकरण के महत्व तथा संतुलित पोषण संबंधी आवश्यक जानकारियां प्रदान की गईं। तत्पश्चात छात्राओं ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सुरासा में विद्यार्थियों को पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक व्याख्यान सत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रियंका त्रिपाठी तथा वन स्टॉप सेंटर से योगिता बोरासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए महिलाओं से संबंधित कानूनों एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय की संगीत विभागाध्यक्ष डॉ . मीना मोघे ने छात्राओं को अनुशासन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित किया। प्राणिशास्त्र विभाग से डॉ. भावना नागर ने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। शिविर के तृतीय दिवस पर छात्राओं ने ग्राम सुरासा के विभिन्न मोहल्लों में सर्वे कार्य कर देश को उन्नत एवं समृद्ध बनाने हेतु आवश्यक क्षेत्रों से संबंधित जानकारी संकलित की। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार उपस्थित रहे। उन्होंने वार्षिक शिविर के महत्व एवं व्यक्तित्व विकास में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। इसके उपरांत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ . अर्चिता सिंह बग्गा ने छात्राओं को नेत्रों की समुचित देखभाल के उपाय बताए तथा स्वास्थ्य संबंधी संवाद किया। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष परमार ने छात्राओं से राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गवाकर रासेयो के उद्देश्यों एवं मूल्यों से अवगत कराया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ . आनंद सिन्दल ने छात्राओं को मन, चित्त, बुद्धि एवं अहंकार में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। संचालन मोनिका परमार ने किया तथा आभार मीरा यादव ने माना।

## पूर्व विधायक विपट की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई



**उन्हेल ।** पूर्व विधायक एवं मलेश्वर महादेव के परम भक्त स्व. पुरुषोत्तम राव विपट की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा, मंगेश वर्मा, नंदराम धाकड़ तथा दिलीप मोदी ने अपने उद्बोधन में स्व. विपट के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। वे भारतीय जनसंघ, जनता पार्टी तथा भारतीय जनता पार्टी में शीर्ष नेतृत्व के रूप में सक्रिय रहे और संगठन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि स्व. विपट ने सदैव ईमानदारी, सिद्धांत और जनसेवा की राजनीति को प्राथमिकता दी। उन्होंने क्षेत्र के विकास, समाज के उत्थान और राष्ट्रहित के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए, जो आज भी जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन सादगी, समर्पण और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। इस अवसर पर कैलाश राठौर, धर्मेंद्र (जीतू) पांचाल, निगम ठेकेदार हार्ट सिंह चौधरी, अरविंद सिंह, लालू गुर्जर, तेजू जाट सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन भाजपा नेता विकास जायसवाल ने किया। जबकि आभार अविनाश विपट ने व्यक्त किया।



## श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीराम रक्षास्तोत्र के 12वें संस्करण का लोकार्पण

**बड़नगर ।** श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के मध्य श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीराम रक्षास्तोत्र के 12वें संस्करण का भव्य लोकार्पण श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, हजारीबाग में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आध्यात्मिक गरिमा और भक्तिमय वातावरण का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

इस पावन अवसर पर भागवताचार्य पं. बालकृष्ण शास्त्री एवं भागवताचार्य मनीष भाई (श्री दुर्गा धाम परिवार, बदनावर) के करकमलों से पुस्तक का विधिवत विमोचन राम नाम बैंक संचालक एवं पुस्तक प्रकाशक ओमप्रकाश गेहलोत की उपस्थिति में किया गया। लोकार्पण समारोह के दौरान गुरुजनों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा। अपने उद्बोधन में भागवताचार्य पं. बालकृष्ण शास्त्री ने कहा कि हनुमान चालीसा का नियमित एवं श्रद्धापूर्वक पठन व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है तथा समाज में धर्मभाव को सुदृढ़ बनाता है। वहीं श्री दुर्गा धाम परिवार के मनीष भाई ने पुस्तक के सुंदर एवं आकर्षक प्रकाशन हेतु प्रकाशक को बधाई देते हुए सुझाव दिया कि आगामी संस्करणों में दैनिक जीवन में उपयोगी मंत्रों को भी स्थान प्रदान किया जाए। इस सुझाव को गेहलोत ने सहर्ष स्वीकार करते हुए इसे भविष्य में सम्मिलित करने की सहमति दी। कार्यक्रम में हरिकिशन मेलवाणी, कैलाश पाटीदार, भेरूलाल शर्मा, जेपी यादव, प्रेमनारायण खींची, राजकुमार माथुर, अरुण शर्मा, सुभाष पंड्या, भैरूलाल शर्मा, भरतलाल शर्मा, सुभाष गुप्ते, पंकज भावसार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में उपस्थित भक्तों ने इस आध्यात्मिक पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में धर्म एवं संस्कारों के संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।



## बड़नगर के छात्रों ने जेईई-मेन्स में फहराया परचम

- विद्यालय व क्षेत्र का नाम किया रोशन

**बड़नगर ।** देश की प्रतिष्ठित एवं चुनौतीपूर्ण इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन्स के परिणाम घोषित होते ही बड़नगर तहसील के ग्राम बंग्रेड में खुशी की लहर दौड़ गई। संतोष विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बंग्रेड के होनहार छात्र लोकेश यादव पिता जीतलाल यादव ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं विशाल चौहान पिता जितेन्द्र सिंह चौहान ने 75 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

**मेहनत और लगन से मिली सफलता:** दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, माता-पिता के सहयोग और नियमित अध्ययन को दिया। उल्लेखनीय है कि दोनों विद्यार्थियों ने बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के स्वयं की मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह उपलब्धि प्राप्त की। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में



लोकेश यादव



विशाल चौहान

सफलता प्राप्त कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

**विद्यालय परिवार में उत्साह:** छात्रों की इस उपलब्धि पर संतोष विद्या मंदिर के प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति ने हर्ष व्यक्त किया। शिक्षकों ने बताया कि लोकेश यादव एवं विशाल चौहान प्रारंभ से ही मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी छात्र रहे हैं। उनकी सफलता से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे बंग्रेड ग्राम और क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

### ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा

अक्सर यह धारणा बनाई जाती है कि बड़े शहरों के कोचिंग संस्थानों के बिना जेईई जैसी परीक्षाओं में सफलता कठिन है। किंतु बंग्रेड जैसे छोटे ग्राम से मिली यह सफलता इस सोच को बदलती है। संतोष विद्या मंदिर हाई सेकेंडरी स्कूल शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कारों पर विशेष ध्यान देता आया है। विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम प्रतिवर्ष 100 प्रतिशत रहता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में भी संस्था के दो विद्यार्थियों का चयन जेईई-मेन्स में हुआ था और वर्ष 2026 में पुन: दो छात्रों ने सफलता प्राप्त कर संस्था की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा है। दोनों सफल विद्यार्थियों ने नर्सरी से कक्षा 12वीं तक की शिक्षा इसी संस्था से प्राप्त की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर संस्था अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, प्राचार्य भैरुसिंह केवट सहित अंजली जोशी, अभिषेक पंचोली, शेरसिंह राठौर, नारायण वैष्णव, महिपालसिंह, राहुल कछावा, मनीष सरसोदिया, रितेश बबेरवाल, रवि यादव, वैशाली शर्मा, सपना गुर्जर, रीना डोडिया, लक्ष्मी यादव, जमील अहमद, रोशन शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आगामी जेईई-एडवांस परीक्षा के लिए भी उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## 51 किलो की माला से हुआ व्यास का स्वागत

**उज्जैन ।** मक्सी रोड स्थित नीमनवासा के चकोर पार्क में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय माहौल में समापन हुआ। कथा विश्राम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण और भक्त सुदामा के मिलन के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पांडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर समाजसेवी बंटी केलोदिया मित्र मंडली ने विशेष रूप से शिरकत की। मित्र मंडल द्वारा व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक गुरुदेव का 51 किलो वजनी गुलाब के फूलों की माला पहनाकर एवं वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही कथा के मुख्य आयोजनकर्ता बालाजी टाइल्स के संचालक संजय पवार एवं समस्त पवार परिवार का भी स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में महाकाल मंदिर के पुजारी पं. महेश पुजारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपस्थित जनसमूह को सनातन धर्म के महत्व और जीवन में इसके पालन के विषय में सारगर्भित जानकारी दी। व्यास महाराज ने समाजसेवी बंटी केलोदिया को सुख-समृद्धि और यशस्वी भव: का आशीर्वाद प्रदान किया।



## ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल का 61वां स्थापना दिवस मनाया




**उज्जैन ।** ऑल इंडिया गार्ड्स (ट्रेन मैनेजर्स) काउंसिल की शाखा उज्जैन द्वारा 61वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुआ। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश कुमार उपस्थित रहे। जबकि विशेष अतिथि अभिलाष नागर रहे। अध्यक्षता शंभूशरण ने की। मंच संचालन एनके जांगीड़ ने किया। इस अवसर पर शाखा सचिव पवन चौहान एवं ज़ोनल उपाध्यक्ष डीके शर्मा ने सभी सेवा-निवृत्त एवं कार्यरत ट्रेन मैनेजर्स का पुष्पहार पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। साथ ही रेल सेवा से सेवा-निवृत्त ट्रेन मैनेजर राजेश सचान तथा रतलाम मंडल से भोपाल मंडल स्थानांतरण पर जा रहे ट्रेन मैनेजर जितेंद्र अहिरवार का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वेस्टर्न रेलवे मज़दूर संघ शाखा उज्जैन के पूर्व शाखा सचिव एसके यादव, एसएस शर्मा, महेंद्र सिंह, अर्पित जैन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल की नई समिति के गठन की घोषणा की गई। समापन अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने प्रीतिभोज का आनंद लिया। यह जानकारी प्रशांत पाठक मीडिया प्रभारी ने दी।

**एक नजर** आयोजन के तीसरे दिन एक शाम देश के सच्चे वीर सपूतों के नाम कार्यक्रम हुआ

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 85 पूर्व सैनिकों का सम्मान

**उज्जैन ।** कानीपुरा रोड स्थित गिरिराज रतन कॉलोनी में चल रहे भगवान श्री राम दरबार एवं श्री गिरिराज जी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान भक्ति और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन के तीसरे दिन एक शाम देश के सच्चे वीर सपूतों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के 85 सेवानिवृत्त वीर योद्धाओं का अभूतपूर्व सम्मान किया गया। श्री गिरिराज रतन सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक अपनी गणवेश में सीने पर मेडल सजाकर पहुंचे। समिति के राहुल ठाकुर, प्रतीक यादव, आनंद मेहता, बापू दा आंजना, महेंद्र डोडिया, चेतन ठाकुर व चेतन शर्मा सहित कॉलोनी के रहवासियों ने वीर योद्धाओं पर पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। माहौल ऐसा था मानो वे आज ही युद्ध जीतकर लौटे हों।



### तिरंगे से सजा मंदिर का शिखर

मंदिर के नवनिर्मित शिखरों पर धर्म ध्वजा के साथ राष्ट्रध्वज तिरंगा लहरा रहा था। प्रांगण को तिरंगे गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। आयोजन समिति ने संगठन के अध्यक्ष सूबेदार कमल सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मोयल, कर्नल राजकुमार सिंह चौहान, कर्नल जी . व्यास, मेजर कविता चौधरी, ग्रुप कमांडर विष्णु दत्त शर्मा सहित 85 सैनिकों को दुपट्टा, मोतियों की माला और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। संचालन हितेश रघुवंशी ने किया और समापन सहभोज के साथ हुआ। यह जानकारी राहुल ठाकुर ने दी।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां:** कार्यक्रम में बच्चों ने गणेश वंदना, देशभक्ति नृत्य, लेजर शो और तलवारबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। वीर योद्धा नीलेश मनोहर ने मेरे देश की धरती.., डॉ. पिंकेश डफरिया व रविंद्रपाल सिंह जादौन ने संदेशे आते हैं...गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। वहीं, सुभाष दुबेजी के गीत यह देश है वीर जवानों का..पर उपस्थित जनसमूह और पूर्व सैनिक देशभक्ति के जोश में झूम उठे। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयकारों से गूंज उठा।